पूर्णतया संशोधित संस्करण

3

# पराग

हिंदी की अभ्यास पुस्तिका

**मनीषा शर्मा**
एम॰ए॰ (हिंदी), बी॰एड॰, पीएच॰डी॰
अध्यापिका
दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा

सृजन

# विषय सूची


1. धनी मधुर मुसकान के — 3
2. नटखट मंगरू — 6
3. स्वस्थ शरीर — 9
4. ऐसे थे तिलक — 12
5. सियार और ऊँट (श्रुतलेख के लिए) — 15

**रचनात्मक अभिव्यक्ति-1** ...16 – 17

6. तितली — 18
7. नया जीवन — 21
8. चार मित्र — 24
9. नन्हा खरगोश — 27
10. बंदर की गलती (श्रुतलेख के लिए) — 30

**रचनात्मक अभिव्यक्ति-2** ...31 – 32

11. शिक्षा बड़ी या धन — 33
12. बचपन — 36
13. कूड़ा मत फैलाओ — 39
14. दो तोते — 42
15. नेताजी बोस (श्रुतलेख के लिए) — 45

**रचनात्मक अभिव्यक्ति-3** ...46 – 47

16. घमंड का फल — 48
17. आलसी चिंपू — 51
18. दुष्टता का परिणाम — 54
19. हमारे पेड़-पौधे (श्रुतलेख के लिए) — 58
20. हमारा भारत — 59

**रचनात्मक अभिव्यक्ति-4** ...62 – 64

# 1 धनी मधुर मुसकान के

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. जीवन में आने वाले तूफ़ानों का सामना किस प्रकार करना चाहिए?

2. बच्चे कठिन राह पर किस प्रकार चलते हैं?

3. बच्चे किनसे दूर रहने की बात कर रहे हैं?

4. बच्चों को किस बात की आदत है?

5. बच्चे सारे जग को क्या बाँटते हैं?

6. बच्चे कहाँ नहीं जाना चाहते?

*(ख) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।*

| | | |
|---|---|---|
| 1. | रुख | इज़्ज़त |
| 2. | सदा | मुँह |
| 3. | मजबूर | हमेशा |
| 4. | पनपना | विवश |
| 5. | आन | जन्म लेना |

*(ग) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।*

1. साहस ____ स् + आ + ह् + अ + स् + अ
2. तूफ़ान ____
3. राह ____
4. मजबूर ____
5. मधुर ____
6. देशहित ____

*(घ) चंद्रबिंदु (ँ) के प्रयोग वाले चार शब्द कविता में से छाँटकर लिखो।*

____ ____

____ ____

*(ङ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. बाधा ____

____

2. झगड़ा

3. दूर

4. मुसकान

5. देशहित

*(च) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द कविता में से छाँटकर लिखो।*

1. मोड़कर
2. दान
3. दूर
4. जहाँ
5. जाएँगे
6. कान

*(छ) किसी अच्छे बच्चे में कौन-सी आदतें होनी चाहिए, अपने शब्दों में वर्णन करो।*

2

# नटखट मंगरू

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. यह कहानी किसकी है?

2. बारिश होने पर आस-पास के जानवर कहाँ चले गए?

3. सूरज डूबने के बाद सियारों ने क्या किया?

4. मंगरू कब बाहर निकला?

5. मंगरू का स्वभाव तुम्हें कैसा लगा?

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित कथनों को सही क्रम दो।*

1. सभी सियार मंगरू की तलाश में निकल पड़े। ☐
2. अचानक आसमान में बादल छा गए। ☐

3. मंगरू उन सबमें बहुत ही नटखट था। ☐

4. सबकी खुशी का ठिकाना न रहा। ☐

5. उस दिन मंगरू ने प्रण लिया कि वह कभी मनमानी नहीं करेगा। ☐

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।**

1. बुरी ______ 2. अँधेरा ______

3. आसमान ______ 4. बाहर ______

5. चंचल ______ 6. पहले ______

**(घ) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।**

1. मंगरू किसी का कहना नहीं ______। (मानता था/मानती थी)

2. सबकी खुशी का ठिकाना ______। (न रहा/न रही)

3. अचानक आसमान में बादल ______। (छा गई/छा गए)

4. माता-पिता उसे ढूँढ़ने के लिए ______। (निकला/निकले)

5. मूसलाधार बारिश होने ______। (लगा/लगी)

**(ङ) संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचो।**

1. जंगल में सियार रहते थे।

2. मंगरू बहुत नटखट था।

3. वह पेड़ के खोखले तने में दुबककर बैठ गया।

4. अपने माता-पिता से लिपटकर रोने लगा।

5. सूरज डूब गया था।

6. अचानक आसमान में बादल छा गए।

7. मूसलाधार बारिश हो रही थी।

**(च) समझो और लिखो।**

1. हँस + कर = हँसकर
2. सो + कर = ____________
3. लिपट + कर = ____________
4. दुबक + कर = ____________
5. देख + कर = ____________
6. चल + कर = ____________

**(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. चंचल ____________
2. तलाश ____________
3. बुरी ____________

**(ज) इस कहानी से तुमने क्या सीख ली? चार-पाँच वाक्यों में लिखो।**

# 3 स्वस्थ शरीर

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. भोजन का स्वास्थ्य के साथ कैसा संबंध है?

______________________________

______________________________

2. रोगों से बचने के लिए क्या ज़रूरी है?

______________________________

______________________________

3. शरीर को साफ़ रखने से हमें क्या मिलता है?

______________________________

______________________________

4. हमें कब-कब दाँत साफ़ करने चाहिए?

______________________________

______________________________

5. स्वस्थ और सुखमय जीवन बिताने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

______________________________

______________________________

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ ______________________________।
2. रोशनी और ताज़ी हवा का ______________________________।

3. रोगों से बचने के लिए ____________________।

4. हमेशा अपने नाखून काटकर ____________________।

5. अपने आसपास की सफ़ाई का भी ____________________।

### (ग) *निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो।*

1. शरीर ____________________ 2. भोजन ____________________

3. सूरज ____________________ 4. सुबह ____________________

5. मदद ____________________ 6. पाठशाला ____________________

### (घ) *निम्नलिखित शब्दों में से संयुक्ताक्षर छाँटकर अलग करो और उसी संयुक्ताक्षर से एक नया शब्द बनाओ।*

| | संयुक्ताक्षर | नया शब्द |
|---|---|---|
| 1. ध्यान | ____________________ | ____________________ |
| 2. स्वस्थ | ____________________ | ____________________ |
| 3. मोहल्ला | ____________________ | ____________________ |
| 4. अच्छा | ____________________ | ____________________ |

### (ङ) *निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द रेखांकित करो।*

1. हमें सबकी मदद करनी चाहिए।
2. खाना खाने के बाद कुल्ला करना चाहिए।
3. मोहल्ले को साफ़ रखने का भी प्रयत्न करना चाहिए।
4. हमेशा अपने नाखून काटकर साफ़ रखने चाहिए।
5. स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क बसता है।
6. हमें प्रतिदिन नहाना चाहिए।

*(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. रोशनी

2. भोजन

3. सफ़ाई

4. मदद

5. निश्चित

*(छ) साफ़-सफ़ाई रखने के लिए तुम क्या-क्या करते हो? पाँच वाक्यों में लिखो।*

# 4 ऐसे थे तिलक

***(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।***

1. अध्यापक महोदय ने तिलक और उनके सहपाठी को खड़ा करके क्या पूछा?

2. बालक तिलक ने अध्यापक महोदय का आदेश पाकर क्या किया?

3. अध्यापक महोदय किस बात पर प्रसन्न हुए?

4. तिलक बड़े होकर क्या बने?

***(ख) निम्नलिखित शब्दों में मिले दोनों शब्द अलग-अलग करके लिखो।***

1. पाठशाला = ________ + ________
2. सहपाठी = ________ + ________
3. योगदान = ________ + ________
4. जन्मसिद्ध = ________ + ________
5. बुद्धिमान = ________ + ________

### (ग) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।

| उत्तर | भूल | कक्षा | सच्चाई | जन्मसिद्ध | बुद्धि |
|---|---|---|---|---|---|

1. एक दिन अध्यापक महोदय __________ में पढ़ा रहे थे।
2. तिलक ने सारे __________ ठीक-ठीक बता दिए।
3. अध्यापक महोदय तिलक की __________ पर प्रसन्न हुए।
4. तिलक ने अपनी __________ के लिए क्षमा माँगी।
5. हमें अपनी __________ का प्रयोग सही दिशा में करना चाहिए।
6. स्वतंत्रता मेरा __________ अधिकार है।

### (घ) समझो और लिखो।

1. सच्चा + ई **सच्चाई**
2. स्वतंत्र + ता __________
3. भला + ई __________
4. सभ्य + ता __________
5. महँगा + ई __________
6. प्रसन्न + ता __________
7. सिला + ई __________
8. शिष्ट + ता __________

### (ङ) विशेषण शब्द छाँटकर लिखो।

1. एक दिन **एक**
2. अपनी भूल __________
3. सही दिशा __________
4. अच्छे तिलक __________
5. महान नेता __________
6. पूरा पाठ __________

### (च) उदाहरण के अनुसार क्रिया के रूप लिखो।

1. पढ़ा **पढ़ी** **पढ़े**
2. लिखा __________ __________
3. पूछा __________ __________

4. बना ______ ______

5. दौड़ा ______ ______

6. बैठा ______ ______

7. मोड़ा ______ ______

8. चला ______ ______

*(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. प्रश्न ______

2. आदेश ______

3. सच्चाई ______

4. प्रसन्न ______

5. महान ______

*(ज) लोकमान्य तिलक के चरित्र की विशेषता बताते हुए चार वाक्य लिखो।*

______

______

______

______

# 5

# सियार और ऊँट

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'सियार और ऊँट' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |
| ______________ | ☐ | ______________ |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

______________ ______________ ______________

______________ ______________ ______________

______________ ______________ ______________

______________ ______________ ______________

______________ ______________ ______________

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 1

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

छोटा शामू एक दिन अपनी नानी के घर गया। नानी उसे देखकर बहुत प्रसन्न हुईं। नानी के घर में एक बकरी थी। शामू को पीने के लिए नानी ने बकरी का दूध दिया और खाने के लिए मक्खन-रोटी।
शामू ने जब पेट भरकर खा-पी लिया तब नानी ने कहा, "बेटा शामू! अब तुम खा-पी चुके। जाओ, थोड़ी देर बकरी चरा लाओ।"
शामू ने बकरी की रस्सी थामी और उसे चराने के लिए पहाड़ी की ओर चल पड़ा।

1. शामू किसके घर गया?

   ______________________________

2. नानी ने शामू को खाने-पीने के लिए क्या दिया?

   ______________________________

3. शामू को नानी ने क्या काम दिया?

   ______________________________

4. शामू बकरी को चराने के लिए कहाँ ले गया?

   ______________________________

   ______________________________

5. 'बकरी' का बहुवचन रूप लिखो।

   ______________________________

   ______________________________

*(ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

सुबह मदरसे आती किरणें,
रात पड़े घर जाती किरणें।
रोज़ हमारे घर आती हैं,
मैला-सा घर कर जाती हैं।
एक बार भी हमको अपने,
घर पर नहीं बुलाती किरणें।

1. रात को किरणें कहाँ चली जाती हैं?

______________________________

2. किरणें प्रतिदिन कहाँ आती हैं?

______________________________

3. बालक को किरणों से क्या शिकायत है?

______________________________

4. 'रात' का विलोम शब्द लिखो।

______________________________

*(ग) अपने प्रिय अध्यापक/अध्यापिका के बारे में पाँच वाक्य लिखो।*

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 6

# तितली

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. बच्चा किसे पुकार रहा है?

2. पंख कैसे चमक रहे हैं?

3. तितली किसके साथ खेल-कूद करती है?

4. तितली प्रेम से क्या पीती है?

5. तितली रात को कहाँ रहती होगी?

*(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. फूलों से ______________________

______________________ इठलाती हो।

2. धूमधाम ______________________

______________________ दिखाती हो!

3. इस डाली ______________________

______________________ जाती हो।

*(ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. इठलाना | कपड़े |
| 2. वस्त्र | बगीचा |
| 3. मधु | चमकदार |
| 4. चमकीले | थोड़ा |
| 5. उपवन | इतराना |
| 6. तनिक | शहद |

*(घ) समान तुक वाले शब्दों के जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. इठलाती | जाती |
| 2. चमकीले | पतली |
| 3. आती | गलियों |
| 4. डाली | शरमाती |
| 5. कलियों | अब |
| 6. कब | रंगीले |

*(ङ) कविता में से चार शब्द-युग्म छाँटकर लिखो।*

रंग-बिरंगे ______________ ______________ ______________

**(च) कविता के अनुसार विशेषण के साथ उचित शब्दों के जोड़े मिलाओ।**

| | |
|---|---|
| 1. तितली | कोमल |
| 2. वस्त्र | रंगीले |
| 3. कलियाँ | सुंदर |
| 4. पंख | मीठा |
| 5. फूल | सजीले |
| 6. मधु | रंग-बिरंगे |

**(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. सुंदर ______________________________

______________________________

2. पुकार ______________________________

______________________________

3. सुख ______________________________

______________________________

4. प्रेम ______________________________

______________________________

5. रोज़ ______________________________

______________________________

6. रंग ______________________________

______________________________

7

# नया जीवन

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. सेठ श्यामलाल अपने जन्मदिन पर किसे दावत देते थे?

2. सेठ जी जन्मदिन के उत्सव के बाद कहाँ बैठे थे?

3. किस चीज़ ने दयाराम को सेठ जी के घर की ओर खींच लिया?

4. दयाराम कहाँ छिपा था?

5. दयाराम ने सेठ जी का आभार किस प्रकार व्यक्त किया?

*(ख) निम्नलिखित वाक्यों को कहानी के आधार पर सही क्रम दो।*

1. सेठ जी ने उसे नया जीवन दिया था। ☐
2. पर्दे के पीछे से एक व्यक्ति बाहर निकला। ☐

3. मुझे क्षमा करें, सेठ जी।
4. वे जितने धनी थे उतने दयालु भी थे।
5. सेठ जी! मेरा नाम दयाराम है।

**(ग) पाठ के आधार पर अधूरे वाक्य पूरे करो।**

1. श्यामलाल एक धनी ________________।
2. वहाँ कौन है? ________________।
3. इन पैसों से तुम कोई ________________।
4. तभी एक व्यक्ति मिठाई का डिब्बा लिए ________________।
5. सेठ जी ने ही उसे एक नया ________________।

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द रेखांकित करो।**

1. मेरी पत्नी बीमार है।
2. मुझे क्षमा करें, सेठ जी।
3. वहाँ कौन है?

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।**

1. दयालु ________________
2. उत्सव ________________
3. दयाराम ________________
4. अखबार ________________
5. जीवन ________________
6. कमरे ________________

**(च) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो।**

1. धनी ____________ 2. अवसर ____________

3. मित्र ____________ 4. नव ____________

5. सुगंध ____________ 6. क्षमा ____________

7. भोजन ____________ 8. बल ____________

**(छ) पाठ में से बहुवचन रूप वाले छह शब्द छाँटकर लिखो।**

____________ ____________ ____________

____________ ____________ ____________

**(ज) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. धनी ____________

2. जन्मदिन ____________

3. स्वादिष्ट ____________

4. भोजन ____________

5. मिठाई ____________

6. आभार ____________

# 8

# चार मित्र

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. चार मित्र कौन-कौन थे?

2. शिकारी के जाल में कौन फँस गया?

3. कछुआ जाल में कैसे फँस गया?

4. शिकारी दुखी क्यों हुआ?

*(ख) पाठ के आधार पर अधूरे वाक्य पूरे करो।*

1. कौए ने जंगल में दूर तक ________।
2. अंत में उसने अपने मित्र को ________।
3. इसी बीच कछुआ भी वहाँ ________।
4. पलक झपकते ही शिकारी ने उसे ________।
5. शिकारी को बहुत ________।

### (ग) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बारहसिंघे | चिंतित | जंगल | साथ | शिकारी |

1. वे एक बहुत बड़े ____________ में प्रसन्नतापूर्वक रहते थे।
2. वह तुरंत ____________ के पास पहुँचा।
3. वह चूहे को ____________ लेकर आया।
4. अब तीनों ही प्राणी बहुत ____________ थे।
5. दुखी होकर बेचारा ____________ वापस लौट गया।

### (घ) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखो।

1. कछुआ ____कछुए____
2. पलक ____________
3. बारहसिंघा ____________
4. कौआ ____________
5. चूहा ____________
6. पत्ता ____________

### (ङ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो।

1. उसका मित्र उनका खोज में निकल पड़े।

____________________________________

2. उसने फिर से उड़ान भरा।

____________________________________

3. चूहा भाग खड़ी हुई।

____________________________________

4. वे शिकारी की पीछा करने लगे।

____________________________________

5. शिकारी को बहुत आश्चर्य हुई।

______________________________

**(च) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो।**

1. एक कछुए और चूहे में ______________ हो गई। (शत्रुता)
2. वे एक बहुत ______________ जंगल में प्रसन्नतापूर्वक रहते थे। (छोटे)
3. कौए ने जंगल में ______________ तक उड़ान भरी। (पास)
4. अब मैं ______________ हूँ। (परतंत्र)
5. मेरे विचार से यह ______________ है। (जीवित)

**(छ) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों पर गोले (○) लगाओ।**

1. "हे ईश्वर! अब मैं क्या करूँ?"
2. उसके मित्र उसकी खोज में निकल पड़े।
3. वह चूहे को साथ लेकर आया।
4. आप सबको मेरी ओर से धन्यवाद।
5. उसने अपनी युक्ति मित्रों को बताई।

**(ज) 'जिसके सच्चे मित्र हों वह सभी संकटों से उबर जाता है।' – इस विषय पर चार वाक्य लिखो।**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 9

# नन्हा खरगोश

***(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।***

1. जंगल कैसा था?

2. गुलमोहर का पेड़ बनी के लिए क्या करता था?

3. गिलहरी और तोता बनी को कैसे खुश रखते थे?

4. रात में बनी के माता-पिता के न लौटने पर कौन-कौन चिंतित थे?

5. बनी ने क्रोध में आकर क्या कहा?

***(ख) बताओ कि ये वाक्य किसने किससे कहे।***

1. "मिट्ठू भाई! बनी बहुत दुखी है।" ______
2. "अगर वे नहीं लौटे, तो बहुत बुरा होगा।" ______

3. “तुम दोनों कल क्यों नहीं लौटे?” ____________

4. “उसने हमें डंडे से पीटा।” ____________

## (ग) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।

पशु–पक्षी    माता–पिता    गुलमोहर    पशुओं    उदास    जंगल

1. इतने में बनी के ____________ वहाँ आ पहुँचे।
2. जंगल के ____________ ने चारों ओर उन्हें ढूँढ़ा।
3. उसके साथ जंगल के सारे ____________ भी जागते रहे।
4. एक अनोखा ____________ था।
5. ____________ का पेड़ उसे छाया देता था।
6. बेचारा बनी बहुत ____________ था।

## (घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।

| | |
|---|---|
| 1. शांति ____________ | 2. सुख ____________ |
| 3. बाहर ____________ | 4. छाया ____________ |
| 5. उदास ____________ | 6. रात ____________ |
| 7. जागता ____________ | 8. सुबह ____________ |

## (ङ) पूर्णविराम (।) और प्रश्न-चिह्न (?) वाले दो-दो वाक्य पाठ से छाँटकर लिखो।

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

## (च) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का वाक्यों में प्रयोग करो।

1. एक-दूसरे ______________________

2. माता-पिता ______________________

3. ज़ोर-ज़ोर ______________________

4. पशु-पक्षी ______________________

5. रोते-रोते ______________________

## (छ) दिए गए शब्द जाल में से चार पशुओं तथा चार पक्षियों के नाम ढूँढ़कर लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | तो | ठ | म | उ | ल्लू |
| ञ | ता | आ | ड | ग | फ |
| रू | ट | ख | र | गो | श |
| शे | र | बं | इ | हं | र |
| त | ज | द | ल | स | ड |
| छ | अ | र | क | घ | ण |
| क | बू | त | र | औ | हा |
| ठ | ओ | ऐ | थ | झ | थी |

पशुओं के नाम

______________________

______________________

______________________

______________________

पक्षियों के नाम

______________________

______________________

______________________

______________________

# 10 बंदर की गलती

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'बंदर की गलती' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 2

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

एक दिन एक मछुआरा नदी पर मछली पकड़ने गया। वह नदी में जाल डालकर बैठ गया और मछलियों के फँसने की प्रतीक्षा करने लगा। उसे आशा थी कि खूब मछलियाँ हाथ लगेंगी।

कुछ समय पश्चात मछुआरे ने जाल खींचकर देखा। उसमें केवल एक ही छोटी-सी मछली फँसी थी। मछली को जाल में से निकालकर वह टोकरे में डालने लगा तो मछली गिड़गिड़ाकर बोली, "कृपया मुझे फिर से नदी में डाल दीजिए नहीं तो मैं मर जाऊँगी।"

1. मछुआरा नदी पर क्या करने गया?

2. मछुआरे को क्या आशा थी?

3. जाल में कितनी मछलियाँ फँसी थीं?

4. मछली ने मछुआरे से क्या प्रार्थना की?

5. 'प्रतीक्षा' का अर्थ लिखो।

*(ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

बड़ी मुसीबत लाए हैं,
गरमी के दिन आए हैं।
बिना बात के सूरज दादा,
सुबह-सुबह गरमाए हैं।
घर से बाहर निकले तो,
लू के थप्पड़ खाए हैं।
घर के अंदर पंखे जी,
गरम हवा फैलाए हैं।
फिर भी झरे पसीना ही,
कितनी बार नहाए हैं।

1. गरमी के दिन क्या लेकर आए हैं?

2. सूरज दादा को क्या हो गया है?

3. घर के बाहर निकलने पर क्या हुआ?

4. बार-बार नहाना क्यों पड़ रहा है?

5. 'गरमी' का विलोम शब्द लिखो।

# 11 शिक्षा बड़ी या धन

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. राजा कहाँ शिकार खेल रहा था?

2. टीले पर बैठने के बाद राजा ने क्या देखा?

3. क्या सुनते ही बालक की खुशी का ठिकाना न रहा?

4. जिस बालक ने धन माँगा था, उसके धन का क्या हुआ?

5. इस कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

*(ख) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।*

घी    मित्र    चमकने    प्रभावित    समय

1. तीनों बालक अच्छे ________ थे।
2. मैंने कभी दो ________ की रोटी नहीं खाई।
3. आज से मेरे घर में ________ के दीये जलेंगे।

4. उसकी आँखें ____________ लगीं।

5. तीसरे बालक की इच्छा सुनकर राजा ____________ हुए।

### (ग) विलोम शब्दों के जोड़े मिलाओ।

| | |
|---|---|
| 1. मित्र | उदय |
| 2. शक्तिशाली | अधिक |
| 3. अस्त | धनी |
| 4. थोड़ा | शत्रु |
| 5. जीवन | कमज़ोर |
| 6. निर्धन | मृत्यु |

### (घ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखो।

1. राजा ____________ 2. बालक ____________

3. बच्चा ____________ 4. घोड़ा ____________

5. लड़का ____________ 6. विद्वान ____________

### (ङ) विशेषण और विशेष्य के जोड़े बनाकर लिखो।

| | | |
|---|---|---|
| 1. काले | राजा | काले बादल |
| 2. तीन | बादल | ____________ |
| 3. सुंदर | मित्र | ____________ |
| 4. शक्तिशाली | बालक | ____________ |
| 5. अच्छा | वस्त्र | ____________ |

### (च) निम्नलिखित वाक्यों में 'का', 'के' या 'की' भरो।

1. बालक ________ खुशी ________ ठिकाना न रहा।

2. मैं अपने देश ________ सेवा करना चाहता हूँ।
3. ज्ञान जीवनभर मनुष्य ________ काम आता है।
4. राजा जंगल ________ किनारे एक टीले पर बैठ गया।
5. अँधेरे में राजा अपने महल ________ रास्ता भूल गया।

*(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. शक्तिशाली ________________________________________
________________________________________
2. अचानक ________________________________________
________________________________________
3. प्रत्येक ________________________________________
________________________________________
4. विद्वान ________________________________________
________________________________________
5. सपना ________________________________________
________________________________________

*(ज) 'पढ़ाई क्यों आवश्यक है?' – इस विषय पर चार वाक्य लिखो।*

________________________________________
________________________________________
________________________________________
________________________________________
________________________________________

12

# बचपन

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. गांधी जी ने सुदामापुरी के विद्यालय में क्या सीखा?

2. राजकोट जाते समय गांधी जी की उम्र कितनी थी?

3. गांधी जी ने कितने शब्दों की वर्तनी गलत लिखी?

4. गांधी जी ने 'श्रवण पितृ-भक्ति नाटक' पुस्तक कहाँ से लेकर पढ़ी?

5. नाटक-कंपनी में उन्होंने कौन-सा नाटक देखा? उसका उनपर क्या प्रभाव पड़ा?

*(ख) कहानी के आधार पर निम्नलिखित कथनों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखो।*

1. गांधी जी का बचपन राजकोट में बीता। ________
2. बचपन में गांधी जी बहुत संकोची स्वभाव के थे। ________

3. गांधी जी ने दूसरों की नकल करना कभी ठीक नहीं समझा। ________

4. श्रवण पितृ–भक्ति नाटक का गांधी जी पर कोई प्रभाव न पड़ा। ________

5. हरिश्चंद्र के नाटक ने गांधी जी के मन पर गहरी छाप छोड़ी। ________

**(ग) निम्नलिखित शब्दों के साथ 'अ' अक्षर जोड़कर विलोम शब्द बनाओ।**

अ +

- शिक्षा — अशिक्षा
- समान — ________
- ज्ञान — ________
- सफल — ________
- सत्य — ________

**(घ) निम्नलिखित शब्द-युग्मों के समान तीन-तीन अन्य शब्द–युग्म लिखो।**

1. बार-बार ________ ________ ________
2. माता-पिता ________ ________ ________
3. शिक्षा-विभाग ________ ________ ________

**(ङ) उदाहरण के अनुसार 'बहुत' शब्द के साथ विशेषण शब्द जोड़कर लिखो।**

1. बहुत मोटा
2. बहुत ________
3. बहुत ________
4. बहुत ________
5. बहुत ________
6. बहुत ________

**(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. विद्यालय ________________

2. रोचक

3. घटना

4. प्रभाव

5. गाँव

6. नकल

*(छ) पाठ के आधार पर गांधी जी के बारे में पाँच वाक्य लिखो।*

# 13 कूड़ा मत फैलाओ

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. किसके घर के आगे नाला था?

2. बारिश का पानी सही तरह से बह जाए, इसके लिए हमें क्या करना चाहिए?

3. कौन बीमारियों को दावत देता है?

4. 'डेंगू' क्या है?

5. कौन-कौन अस्पताल दौड़ रहे हैं?

*(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. एक दिन ______________________

______________________ घरों में लाई।

2. अगर नाला ______________________

______________________ होता।

3. इसी ______________________

दूर ______________________

### (ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।

| | |
|---|---|
| 1. कूड़ा-कचरा | तेज़ |
| 2. नाला | रुचि |
| 3. ज़ोर | जिसमें गंदा पानी बहता है |
| 4. शौक | खबर |
| 5. संदेश | सड़ी-गली वस्तुएँ |

### (घ) समझो और लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. बहना | बहाना | 2. खाना | ______ |
| 3. पढ़ना | ______ | 4. सोना | ______ |
| 5. चलना | ______ | 6. रोना | ______ |
| 7. मिलना | ______ | 8. भूलना | ______ |

### (ङ) विशेष्य और विशेषण के जोड़े मिलाओ।

| | |
|---|---|
| 1. खिलौने | गंदा |
| 2. खाना | प्लास्टिक |
| 3. नाला | बुरा |
| 4. थैला | टूटे |
| 5. हाल | बासी |

(च) *निम्नलिखित शब्दों में 'ई' जोड़कर नए शब्द बनाओ।*

1. तैयार + ई ______________  2. समझदार + ई ______________
3. बीमार + ई ______________  4. गुलाब + ई ______________
5. नवाब + ई ______________  6. खराब + ई ______________

(छ) *घर पर सफ़ाई रखने में तुम अपनी माँ की सहायता किस प्रकार करते हो? पाँच वाक्यों में लिखो।*

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

# 14

# दो तोते

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. तोते के बच्चों के क्या नाम थे?

2. माता-पिता भोजन में बच्चों को क्या-क्या लाकर देते थे?

3. चारा लेकर लौटने पर माता-पिता ने क्या देखा?

4. माता-पिता अपने बच्चों को जंगल में वापस किस प्रकार लेकर आए?

5. इस कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

*(ख) निम्नलिखित कथनों को कहानी के आधार पर सही क्रम दो।*

1. अरे, कोई इन्हें पानी पिलाओ।

2. अब वे अलग-अलग रहने लगे थे।

3. उनके दो बच्चे थे – हीरा और मोती।

4. हीरा सज्जन व्यक्ति के यहाँ रहकर अच्छी-अच्छी बातें सीखने लगा।

5. तुम भी हमेशा अच्छी संगति में रहा करो।

6. राहगीर ने सोचा कि आसपास कोई लुटेरा है।

### (ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।

| | |
|---|---|
| 1. दृष्टि | आराम करना |
| 2. नेक | यात्री |
| 3. सुस्ताना | अच्छे स्वभाव वाला |
| 4. द्वार | नज़र |
| 5. राहगीर | दरवाज़ा |

### (घ) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके लिखो।

| | |
|---|---|
| 1. पियास ______ | 2. मीर्च ______ |
| 3. हिरा ______ | 4. सजजन ______ |
| 5. बेठकर ______ | 6. रहगीर ______ |

### (ङ) निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित करो।

1. जंगल में घने पेड़ थे।
2. पेड़ पर तोतों का एक जोड़ा रहता था।
3. उनके माता-पिता उन्हें हरी मिर्च खिलाते थे।
4. वह सज्जन व्यक्ति था।

5. मोती दुष्ट व्यक्ति के साथ रहने लगा।

6. तुम भी हमेशा अच्छी संगति में रहा करो।

**(च) रिक्त स्थानों में आवश्यकता के अनुसार 'का', 'की', या 'के' भरो।**

1. संगति ______ फल
2. पेड़ ______ छाया
3. भोजन ______ तलाश
4. ऊपर ______ ओर
5. दुष्ट व्यक्ति ______ साथ
6. तोतों ______ जोड़ा
7. नदी ______ किनारे
8. आम ______ पेड़

**(छ) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो।**

1. माता ______________
2. पिता ______________
3. दृष्टि ______________
4. व्यक्ति ______________

**(ज) तुम अपने पालतू पशु के साथ कैसा व्यवहार करते हो? पाँच वाक्यों में लिखो।**

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

15

# नेताजी बोस

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'नेताजी बोस' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 3

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

चूँ-चूँ बहुत शैतान था। मुनमुन मुर्गी उसे कितना ही समझाती पर चूँ-चूँ तो चूँ-चूँ ही था। उस पर मम्मी के समझाने का कोई असर न होता और आखिर में थक-हारकर उसने समझाना ही छोड़ दिया था।
एक दिन मुनमुन मुर्गी बहुत सारे दाने चुगकर ले आई थी। उसने चूँ-चूँ से कहा, "देख चूँ-चूँ, यह सारे दाने, जितना जी चाहे खा लेना। बाकी दाने एक ओर रख देना, तब तक मैं बाहर घूम-फिरकर आती हूँ। और हाँ, घर से बाहर मत निकलना।"

1. चूँ-चूँ का स्वभाव कैसा था?

2. चूँ-चूँ की माँ का नाम क्या था?

3. चूँ-चूँ की माँ ने उसे समझाना क्यों छोड़ दिया?

4. चूँ-चूँ की माँ ने उससे क्या कहा?

5. 'मुर्गी' शब्द का लिंग बदलकर लिखो।

(ख) *निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

अपने भी यदि होते पर,
तितली जैसे फर-फर-फर,
हम भी उड़ते इधर-उधर।

जब भी अपना करता मन,
झट नभ में उड़ जाते हम,
सूरज, चाँद, सितारों से,
घंटों गपशप करते जम।

शाम ढले हँसते-गाते,
वापस आ जाते फिर घर,
अपने भी यदि होते पर।

1. बालक किस चीज़ की चाह कर रहा है?

2. बालक किसकी तरह उड़ना चाहता है?

3. बालक किसके साथ गपशप लगाने की बात कर रहा है?

4. शाम को बालक कहाँ लौटकर आना चाहता है?

5. 'सूरज' और 'चाँद' के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो।

16

# घमंड का फल

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. रेगिस्तान में क्या दिखाई नहीं देता था?

2. हवाएँ कहाँ से आती थीं?

3. एक दिन अचानक क्या हुआ?

4. पौधा धीरे-धीरे किसमें परिवर्तित हो गया?

5. बरगद दिन-रात क्या सोचता रहता था?

6. झाड़ियाँ आँधी से कैसे बच गईं?

**(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित कथनों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखो।**

1. बरगद का स्वभाव बदलने लगा। ________
2. हरे-भरे जंगलों से हवाएँ आतीं। ________
3. धरती की प्यास बुझ गई। ________
4. वहाँ बेर का एक बड़ा पेड़ उग आया। ________
5. एक दिन शाम को तेज़ आँधी चली। ________
6. आँधी का बरगद पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ________

**(ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।**

| | |
|---|---|
| 1. राहगीर | तेज़ |
| 2. समाना | काँटेदार |
| 3. दृष्टि | ठंडी |
| 4. कँटीली | यात्री |
| 5. मूसलाधार | नज़र |
| 6. शीतल | घुसना |

**(घ) समान अर्थ वाले शब्द पर गोला (○) लगाओ।**

1. वृक्ष – तना (पेड़) पौधा
2. पानी – जल नदी तालाब
3. दृष्टि – आँख नज़र देखना
4. जंगल – पेड़ वन प्रदेश
5. वर्ष – साल महीना बारिश
6. हवा – बहना वाष्प वायु

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप पाठ में से छाँटकर लिखो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. झाड़ी | ________ | 2. जंगल | ________ |
| 3. हवा | ________ | 4. डाली | ________ |
| 5. घोंसला | ________ | 6. दिन | ________ |

**(च) समझो और लिखो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. तुम्हारे | – | म्ह | – | लम्हा |
| 2. प्यास | – | प्य | – | ________ |
| 3. प्रसन्नता | – | न्न | – | ________ |
| 4. नन्ही | – | न्ह | – | ________ |
| 5. स्वभाव | – | स्व | – | ________ |

**(छ) पेड़ों से प्राप्त होने वाली कुछ वस्तुओं के नाम लिखो।**

________

________

________

**(ज) इस कहानी से तुम्हें क्या सीख मिलती है? तीन-चार वाक्यों में लिखो।**

________

________

________

________

________

________

# 17 आलसी चिंपू

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. चिंपु सुबह उठने के बाद क्या करता था?

2. चिंपू नहाने से क्यों कतराता था?

3. चिंपू की नींद कैसे खुल गई?

4. चिंपू किसके पीछे बाग तक चला गया और क्यों?

5. चिंपू की उँगली में काँटा कैसे चुभ गया? फिर उसने क्या किया?

6. बंदर ने चिंपू को क्या दिया और क्यों?

### (ख) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।

1. आलसी ___आ + ल् + अ + स् + ई___
2. चिड़िया ________________
3. गिलहरी ________________
4. बंदर ________________
5. पसंद ________________

### (ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।

| | |
|---|---|
| 1. कतराता | चहचहाना (चिड़ियों की आवाज़) |
| 2. चहकी | जिन्हें गिना न जा सके |
| 3. अनगिनत | डाली |
| 4. टहनी | दूर भागता |
| 5. मँडराना | संकल्प/निर्णय |
| 6. निश्चय | घूमना |

### (घ) अं की मात्रा (ं) और चंद्रबिंदु (ँ) के प्रयोग वाले पाँच-पाँच शब्द पाठ से चुनकर लिखो।

| अं की मात्रा (ं) | चंद्रबिंदु (ँ) |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

### (ङ) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।

1. चिंपू बहुत ______________ था। (आलसी/फुर्तीला)
2. इतना ______________ चिड़िया उड़ गई। (देखकर/कहकर)
3. चिंपू एक ______________ पर बैठकर रोने लगा। (कुरसी/पत्थर)
4. साफ़-सुथरे बच्चों को तो सभी ______________ करते हैं। (पसंद/नापसंद)
5. अब चिंपू ने ______________ की ओर ध्यान देने का पक्का निश्चय कर लिया। (पढ़ाई/सफाई)

### (च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।

1. बदबू ______________________________
2. बंदर ______________________________
3. दातुन ______________________________
4. पत्तियाँ ______________________________
5. निश्चय ______________________________

### (छ) इस पाठ से तुमने क्या सीखा?

______________________________

______________________________

______________________________

18

# दुष्टता का परिणाम

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. दोनों मित्र कहाँ रहते थे?

_______________

2. दोनों मित्र घूमते-घूमते कहाँ पहुँच गए?

_______________

3. नंबारीन ने फल तोड़कर क्या किया?

_______________

_______________

4. राजकुमारी के कान में क्या घुस गया था?

_______________

_______________

5. इस कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

_______________

_______________

**(ख) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।**

संजाबयार गिद्ध दरहान बीमारी प्रसन्न राजकुमारी

1. उपहार लेकर नंबारीन _______________ लौटा।
2. _______________ मन-ही-मन नंबारीन से ईर्ष्या रखता था।

3. तभी उसकी दृष्टि चट्टान पर बैठे एक ________________ पर पड़ी।
4. राजा ने ________________ होकर नंबारीन को ढेरों उपहार दिए।
5. वे राजकुमारी की ________________ के बारे में चर्चा कर रहे थे।
6. उसने ________________ के ठीक होने का उपाय बताया।

## (ग) अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखो।

1. दोनों को भूख लगा था।

________________________________________

2. बहुत समय पहले का बात है।

________________________________________

3. गिद्ध उड़ते-उड़ते एक महल के पीछे जा बैठी।

________________________________________

4. उसने राजकुमारी के ठीक होने का उपाय बताई।

________________________________________

5. उन्हें एक चट्टान की बगल में एक पेड़ दिखी।

________________________________________

6. तभी उसकी दृष्टि चट्टान पर बैठे एक गिद्ध पर पड़ा।

________________________________________

## (घ) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखो।

1. मकड़ी ________________ 2. आँख ________________
3. टोपी ________________ 4. बात ________________

5. डाली ______ 6. गाय ______

7. कॉपी ______ 8. बहन ______

**(ङ) निम्नलिखित विशेषण शब्दों के साथ एक-एक संज्ञा शब्द लिखो।**

1. मीठे ______ 2. गर्म ______

3. जंगली ______ 4. लाल ______

5. ढेरों ______ 6. रूखा ______

7. वीरान ______ 8. ऊँची ______

**(च) निम्नलिखित शब्दों के अंत में 'ता' लगाकर नए शब्द बनाओ।**

1. दुष्ट + ता ______ 2. प्रसन्न + ता ______

3. चल + ता ______ 4. रो + ता ______

5. विनम्र + ता ______ 6. बजा + ता ______

**(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. ईर्ष्या ______

______

2. बगल ______

______

3. समीप ______

______

4. विनम्र ______

______

5. भूख

6. उपहार

(ज) *'दुष्टता का परिणाम' कहानी में तुम्हें कौन-सी बात सबसे अच्छी लगी और क्यों? पाँच वाक्यों में लिखो।*

19

# हमारे पेड़–पौधे

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'हमारे पेड़-पौधे' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

# 20 हमारा भारत

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. हमारे देश में कैसे मैदान हैं?

2. 'नई रोशनी' देने वाला कौन है?

3. हमारा देश दुखियों के साथ कैसा व्यवहार करता है?

4. हमारा देश किसका भला चाहता है?

5. 'सत्य–अहिंसा' का रास्ता हमें किसने दिखाया?

*(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. हरे–भरे ____________________

   देश हमारा ____________________

2. सत्य-अहिंसा ______________________

______________________ गुणवान।

3. दुखियों के ______________________

देश हमारा ______________________

***(ग) निम्नलिखित पंक्तियों के भाव स्पष्ट करो।***

1. नई रोशनी देने वाला।

______________________

______________________

2. सबका भला चाहने वाला।

______________________

______________________

3. शांति का संदेश देने वाला।

______________________

______________________

***(घ) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।***

1. रोशनी ______________________
2. हमारा ______________________
3. भारत ______________________
4. बलवान ______________________
5. गुणवान ______________________
6. महान ______________________

*(ङ) समान अर्थ वाले शब्दों के जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. सत्य | श्रेष्ठ |
| 2. धनवान | प्रकाश |
| 3. वीर | सच |
| 4. महान | अमीर |
| 5. रोशनी | साहसी |

*(च) हमारे देश के आठ प्रदेशों के नाम इस शब्द-जाल में छिपे हैं। उन्हें ढूँढ़कर लिखो।*

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ह | रि | या | णा |
| स | गो | वा | रा | च | को |
| म | झ | ट | ज | द | फा |
| घ | ड़ | ज | घा | न | का |
| दि | स | ली | न | ठ | ता |
| र | गु | ज | रा | त | च |
| ह | ल | के | ज | बि | र |
| बि | हा | र | स्था | ज | बि |
| म | ज | ल | न | ब | ह |
| पं | जा | ब | त | फ | ए |

**प्रदेशों के नाम**

______________

______________

______________

______________

______________

______________

______________

______________

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 4

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

दोपहर का समय था। तेज़ धूप चमक रही थी। ऐसी गर्मी में एक चींटा तालाब के किनारे पानी पीने गया। चींटा पानी पी रहा था, तभी एक छोटी लहर आई और चींटे को तालाब में बहा ले गई।

तालाब के किनारे एक पेड़ था। पेड़ पर एक कबूतर बैठा था। कबूतर ने देखा कि बेचारा चींटा बार-बार पानी में डूब रहा है। उसने झट से एक पत्ता तोड़ा और उड़कर चींटे के सामने गिरा दिया। पत्ता पानी में तैरने लगा। चींटा उस पर चढ़कर धीरे-धीरे किनारे लग गया।

1. चींटा तालाब के किनारे क्यों गया?

2. लहर ने क्या किया?

3. कबूतर ने चींटे की सहायता किस प्रकार की?

4. चींटा किस प्रकार किनारे पर आ गया?

5. 'पेड़' और 'पानी' के समानार्थी शब्द लिखो।

**(ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

चलो, चाँद पर घूमें पापा,
चलो, चाँद पर घूमें।
देखें, कैसी वहाँ दुकानें,
क्या-क्या उनमें बिकता?
रसगुल्ले के लिए वहाँ पर,
लगता कितना पैसा?
देखें, कैसे बोलें बच्चे,
पढ़ें किताबें कैसी?
पार्क वहाँ के कैसे
कैसे पर्वत, झरने, झीलें?
फुलवारी में होते होंगे,
फूल बड़े चमकीले!

1. बालक अपने पिता जी से कहाँ चलने के लिए कह रहा है?

2. बालक चाँद पर जाकर रसगुल्ले के बारे में क्या जानना चाहता है?

3. बालक चाँद पर खिले फूलों के लिए क्या कल्पना कर रहा है?

4. 'झरने' और 'झीलें' के एकवचन रूप लिखो।

*(ग) निम्नलिखित पंक्तियों को आगे बढ़ाते हुए दो पंक्तियाँ लिखो।*

पापा-मम्मी गए बाज़ार,
वहाँ से लाए केले चार।

*(घ) दिए गए चित्र में रंग भरो और चित्र का वर्णन करते हुए पाँच वाक्य लिखो।*

